भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3190
13 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए

**कैब्स में सफाई कर्मचारियों की नौकरियां**

3190. श्री सुदामा प्रसाद:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सुनिश्चित करने की दिशा में कोई कदम उठाए गए हैं कि सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (कैब्स), रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग, डीआरडीओ में काम करने वाले 47 सफाई कर्मचारी, जिन्हें 23.03.2024 को अवैध रूप से बर्खास्त कर दिया गया था, उन्हें कर्नाटक सफाई कर्मचारी आयोग और क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के निर्देश के अनुसार तुरंत ड्यूटी पर वापस लिया जाए।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा दें;

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): यह सूचित किया जाता है कि संविदा के माध्यम से 47 सफाई कर्मचारियों को काम पर रखा गया था। वे स्थायी सरकारी कर्मचारी नहीं थे। प्रक्रिया के अनुसार अवधि पूरी होने के बाद संविदा समाप्त हो गई। संविदा अनुसार नए संविदा धारक के पास अपने कर्मचारियों को नियुक्त करने का विकल्प था। उन्होंने विकल्प का प्रयोग कर, कुछ नए कर्मचारियों को और कुछ पुराने कर्मचारियों को रखा। इसलिए, यह दोहराया जाता है कि कैब्स, डीआरडीओ द्वारा किसी की भी नौकरी समाप्त नहीं की गई है।

डीआरडीओ ने कर्णाटक सफाई कर्मचारी आयोग को सूचित किया था कि सफाई कर्मचारी के चयन में कैब्स, डीआरडीओ की कोई भूमिका नहीं है और अच्छी सेवा प्रदान करना संविदा धारक की जिम्मेदारी है जिसके लिए उसके पास अपने मानदंडों को पूरा करने वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने का प्राधिकार है।

नए संविदाधारक ने क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) को सूचित किया है कि नई संविदा पर कुछ पुराने कर्मचारियों को रखा गया है और शेष कर्मचारियों ने संविदा शुरू होने के समय वर्तमान संविदा में रोजगार के लिए न तो संपर्क किया और न ही उन्होंने पत्र प्रस्तुत किया है।

*****